-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 22.03.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस लाइन्न बांदा में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा 03 दिवसीय अन्तर्जनपदीय पुलिस बास्केटबाल, हैंडबाल प्रतियोगिता का किया गया शुभारम्भ । प्रयागराज जोन के 07 जिलों की टीमें प्रतियोगिता में कर रही हैं प्रतिभाग ।**

विवरण- आज दिनांक 22.03.2026 से पुलिस लाइन बांदा में 29वीं प्रयागराज जोन, प्रयागराज की 03 दिवसीय अन्तर्जनपदीय पुलिस बास्केटबाल, हैंडबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ । प्रतियोगिता का शुभारम्भ अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा खिलाड़ियों से मान प्रणाम ग्रहण करते हुए किया गया । उनके द्वारा खिलाड़ियों से पूरी खेल भावना और उत्साह एवं अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में शामिल होने की अपील की गई । 03 दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के जनपद बांदा, महोबा, चित्रकूट, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर तथा प्रतापगढ़ की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं । प्रतियोगिता के शुभारम्भ के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन सुश्री मेविस टॉक, क्षेत्राधिकारी बबेरु श्री सौरभ सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात सुश्री प्रतिज्ञा सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री अखिलेश राजन व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन बांदा श्री बेलास यादव आदि उपस्थित रहे ।